दिन– गुरूवार दिनांक– 27 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को सम्बोधित किया। कहा – सरकार हाल के पेपर लीक की घटनाओं की निष्पक्ष जांच करने के लिए प्रतिबद्ध।

02. सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में आज पटना से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जांच एजेंसी ने दो अन्य आरोपियों बलदेव कुमार उर्फ चिन्टू और मुकेश को भी पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया।

03. मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी। पूर्वी चम्पारण जिले के रामनगर में सबसे अधिक एक सौ आठ दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुई।

04. और, नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के चलते प्रदेश की नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी। अररिया में नूना नदी का पानी कई निचले इलाकों में फैला।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि सरकार पेपर लीक की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। संसद की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि सरकार परीक्षा–संबंधित निकायों, उनके कामकाज और परीक्षा प्रक्रिया के सभी पहलुओं में बड़े सुधारों की दिशा में काम कर रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि चाहे प्रतियोगी परीक्षाएं हों या सरकारी भर्ती की प्रक्रिया सभी में पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी की आवश्यकता है।

–––बाईट–––

हाल ही में कुछ पेरशानी हुई पेपर लीक की घटनाओं की निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने के लिए मेरी सरकार प्रतिबद्ध है। इससे पहले भी हमने देखा है कि कई राज्यों में पेपर लीक की घटनाएं होती रही हैं। इस पर दलीय राजनीति से ऊपर उठकर देशव्यापी ठोस उपाय करने की जरूरत है। संसद ने भी परीक्षा में होने वाली गडबडियों के विरूद्ध एक सख्त कानून बनाया है।

राष्ट्रपति ने कहा है देश में पूर्ण बहुमत वाली एक स्थिर सरकार बनी है और ऐसे में सरकार के लिए भारत के लोगों की आकांक्षाएं सर्वोच्च है।

–––बाईट–––

राष्ट्रपति ने कहा कि नई सरकार अपना पहला आम बजट पेश करने जा रही है। यह बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्यवादी दृष्टिकोण का एक प्रभावी

दस्तावेज होगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए काम कर रही है।

———बाईट———

राष्ट्रपति ने कहा सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि आम लोगों तक सभी योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि सरकार सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लायेगी।

———बाईट———

———————————————————————————————

सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में आज पटना से दो आरोपियों मनीष प्रकाश और आशुतोष को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों आरोपियों ने पटना के प्ले एंड लर्न स्कूल को नीट परीक्षा से एक दिन पहले रातभर के लिए बुक कराया था। इस विद्यालय में बीस से पच्चीस परीक्षार्थियों को इकट्ठा कर उन्हें उत्तर उपलब्ध कराये गये थे। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई को इसी विद्यालय के परिसर से जले हुये प्रश्न पत्र मिले थे। इस बीच जांच एजेंसी ने बेउर जेल पहुंचकर आरोपी बलदेव कुमार उर्फ चिन्टू और मुकेश को पूछताछ के लिए रिमांड पर ले लिया है। कल पटना स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने जांच एजेंसी को इन दोनों आरोपियों की सात दिनों की रिमांड दी थी। इधर, हजारीबाग में सीबीआई की टीम ने ओएसिस विद्यालय के प्राचार्य से लम्बी पूछताछ की है। जांच एजेंसी को इसी विद्यालय से पेपर लीक होने का अंदेशा है। इस मामले में अब तक पांच राज्यों में सत्ताईस आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

———————————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि बिहार सरकार परीक्षाओं में अनियमितता रोकने के लिए जल्द ही नया कानून लायेगी। पटना में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा सत्र में केन्द्र सरकार की तर्ज पर इस संबंध में कानून का प्रस्ताव लाया जायेगा।

———बाईट———

———————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में संसद भवन में जदयू सांसदों के साथ मुलाकात की। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि बिहार में भाजपा और जदयू का मिलजुल कर काम करने और कुशासन, भ्रष्टाचार तथा अपराधीकरण से लड़ने का लम्बा इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में

बिहार विकास के मार्ग पर आगे बढा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों दल, सुशासन के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।

———————————————————————————————————

बिहार से नवनिर्वाचित सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह समेत छह सांसदों ने आज राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। इन नए सांसदों को राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शपथ दिलाई।

———————————————————————————————————

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की ओर से आज नई दिल्ली में उद्यमी भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने की। उन्होंने कहा कि उनके मंत्रालय का लक्ष्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना और बेरोजगारी की दर कम करना है।

———बाईट———

———————————————————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–पूर्व और उत्तर–मध्य हिस्सों में कई स्थानों पर भारी बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्वी चम्पारण जिले के रामनगर में सबसे अधिक एक सौ आठ दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं, गोपालगंज में इक्यानवे दशमलव चार और सुपौल के बसुआ में पचासी दशमलव छह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि मॉनसून की उत्तरी सीमा अभी पटना से होकर गुजर रही है। इसके प्रभाव से अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम हिस्सों में एक या दो स्थानों पर भारी बारिश जबकि शेष हिस्सों में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है।

———बाईट———

इधर, आज राजधानी पटना के कई हिस्सों में बारिश होने से लोगों को उमस भरी गर्मी से रहात मिली है।

———————————————————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के चलते प्रदेश की नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है। अररिया जिले से होकर गुजरने वाली परमान, बकरा, रतवा और नूना नदी उफान पर है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सिकटी प्रखंड क्षेत्र के पूर्वी भाग में बहने वाली नूना नदी का पानी कई निचले इलाकों में फैल गया है।

———बाईट———

नूना नदी का पानी पड़रिया पंचायत के सालगुडी, कचना, बांसबारी, सिघिया, घोड़ाचौक और खोरागाछ पंचायत के ओलाबारी गांव के दर्जनों घर में घुस गया है। इन गांव की सड़कों पर दो से तीन फीट तक पानी का बहाव हो रहा है। सिघिया तटबंध पर नूना नदी का कटाव काफी तेज है। कचना से बगुलाडांगी और कचना से अंसारी टोला जाने वाली सड़क क्षतिग्रस्त हो गयी है। कचना गांव का जिला मुख्यालय से सड़क सम्पर्क भंग हो गया है। इधर, प्रशासन की ओर से तटबंधों पर बाढ़ निरोधात्मक कार्य जारी है। आकाशवाणी समाचार के लिए अररिया से गौतम सिंह सहगल।

इधर, सीतामढ़ी जिले में अधवारा समूह की झीम नदी उफान पर है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

जिले के सोनबरसा प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत झीम नदी पर आरसीसी पुल के डायवर्जन के टूटने से प्रखंड मुख्यालय से पूर्वी भाग के दर्जनों गांव का सीधा सम्पर्क टूट गया है। डायवर्जन टूटने से नदी का पानी पुरन्दाहा राजबाड़ा, पश्चिमी पंचायत के ब्रह्मस्थान के पास से बह रही है। इससे पश्चिमी पंचायत के गांव समेत परिहार प्रखंड के लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए सीतामढ़ी से राजेश कुमार।

———————————————————————————

इधर, किशनगंज जिले के बहादुरगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डूबाडांगी गांव के पास कनकई नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। इससे नदी पर बने एक पुल का पाया धंस गया। जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने बताया कि पुल पर वाहनों की आवाजाही तत्काल बंद करा दी गयी है। लोगों से वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करने को कहा गया है।

———————————————————————————

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप के दूसरे सेमी–फाइनल में आज गयाना में भारत का सामना इंग्लैंड से होगा। मैच रात आठ बजे शुरू होगा। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

भारतीय टीम अपने आखिरी मैच में ऑस्ट्रेलिया पर 24 रन से जीत दर्ज करने के बाद सुपर 8 राउंड में अंक तालिका में शीर्ष पर रही। दूसरी ओर, इंग्लैंड सुपर 8 राउंड में दूसरे नंबर पर रही। यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है जो फाइनल की राह तय करेगा। मैच में बारिश की वजह से असर पड़ सकता है। भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती उसकी सलामी जोड़ी है ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी मैच में रोहित शर्मा की शानदार पारी के अलावा विराट कोहली का बल्ला नहीं चल पाया। कोहली पर इस करो या मरो वाले मैच में रन बनाने का दबाव है। भारतीय गेंदबाजों ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव की तिकडी मजबूत दिखी। इंग्लैंड की टीम भी मजबूत है जो सेमीफाइनल में कड़ी टक्कर देगी। चिराग झा की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से अभिषेक कपिल।

———————————————————————————

नेत्रहीनों के कल्याण के लिए विशेष योगदान देने वाली महान समाजसेवी हेलेन केलर की आज जयंती है। इस अवसर पर पटना में नेत्रहीन परिषद की ओर से हेलेन केलर को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। परिषद के महासचिव डॉक्टर नवल किशोर शर्मा ने कहा कि हेलेन केलर आज भी सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनी हुयी हैं।

---

बेगूसराय जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गयी।

---

बक्सर जिले के इटाढ़ी थाना क्षेत्र अन्तर्गत खनिता गांव में अपराधियों ने घर के बाहर सो रहे एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी।

---

एसएसबी की पैंतालीसवीं बटालियन की ओर से सुपौल के पिपराही में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गयी और उन्हें निःशुल्क दवा दी गयी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर........

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को सम्बोधित किया। कहा – सरकार हाल के पेपर लीक की घटनाओं की निष्पक्ष जांच करने के लिए प्रतिबद्ध।

02. सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में आज पटना से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जांच एजेंसी ने दो अन्य आरोपियों बलदेव कुमार उर्फ चिन्टू और मुकेश को भी पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया।

03. मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी। पूर्वी चम्पारण जिले के रामनगर में सबसे अधिक एक सौ आठ दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुई।

04. और, नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के चलते प्रदेश की नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी। अररिया में नूना नदी का पानी कई निचले इलाकों में फैला।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।